कांग्रेस ने मनपा प्रशासन को दिया चेतावनी डोज

आयुक्त के समक्ष खोला समस्याओं का पिटारा | गणेशोत्सव के पहले गड्ढों की मरम्मत करें | सफाई ठेका तत्काल शुरु करें

अमरावती : मनपा आयुक्त संजय निपाणे को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के पार्षद विलास इंगोले, बबलू शेखावत, वंदना कंगाले व अन्य.

मच्छर प्रतिबंधक दवा छिड़काव में मैनपॉवर बढ़ाएं

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती- शहर में बीते कुछ दिनों से डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है. शहर में गंदगी व साफ सफाई के अभाव से बीमारियां फैल रही हैं. सत्ताधारियों की नाकामी से डेढ़ साल से सफाई ठेका प्रलंबित है. सफाई ठेका तत्काल शुरु करने की मांग सहित मनपा आयुक्त के समक्ष निवेदन के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष बबलू शेखावत ने समस्याओं का पिटारा खोला. सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत न करने पर बेशरम का पौधा रोपित करने की चेतावनी दी है.

बारिश के दिनों में बीमारियों का प्रकोप होने से शहर स्वच्छता की जिम्मेदारी मनपा की होती है. साफ-सफाई प्रभावित रुप से की गई तो रोकथाम होती है. इन दिनों मच्छर प्रतिबंधक दवाईयों का छिड़काव भी ढंग से नहीं हो रहा है. हर प्रभाग में सप्ताह में दो बार दवा छिड़कनी चाहिए. एक सप्ताह के भीतर नया सफाई ठेका देने की मांग इस अवसर पर की गई. गड्ढों में गणपति का आगमन ना हो इसके लिए गणेशोत्सव के पहले गड्ढे की मरम्मत करें. ऐसा न हुआ तो 15 दिन में गड्ढे में बेशरम के पौधे रोपित करने की चेतावनी शेखावत व विलास इंगोले ने दी है. मनपा के अस्पतालों में दवाईयों का स्टॉक नहीं है. पूरा समय काम करने वाले ठेका कर्मचारियों को पूर्ण वेतन देने की मांग कांग्रेस पार्षदों ने की. ऐसे कर्मचारी स्वास्थ्य, प्रकाश व उद्यान विभाग में है.

शहर की बंद बोरवेल शुरु करने की मांग भी रखी. शहर के 20 किमी के दायरे में आने वाले ग्रामीण इलाकों तक सिटी बस शुरु करने का सुझाव दिया गया. सत्ताधारी हर मौके पर नाकाम होने का आरोप कांग्रेस पार्षदों ने किया. मनपा आयुक्त ने उपायुक्त महेश देशमुख को आदेश देकर स्वास्थ्य अधिकारी सीमा नेताम को रोजाना सुबह 6 से 10 बजे तक प्रभाग में घूमकर स्वच्छता का जायजा लेने को कहा. प्रभाग निरीक्षण के बाद दो पार्षदों के हस्ताक्षर लेकर उसकी रिपोर्ट मनपा आयुक्त को प्रस्तुत करना बंधनकारक किया. एक माह में सफाई ठेका प्रक्रिया पूर्ण करने का आश्वासन मनपा आयुक्त ने दिया. आधे वेतन पर काम कर रहे ठेका कर्मियों को पूर्ण वेतन देने का निवेदन शुरु रहने और गणेशोत्सव के पहले गड्ढे पाटने का प्रयास करने का आश्वासन आयुक्त ने दिया. इस अवसर पर उपअभियंता सुहास चव्हाण, रवींद्र पवार, पीआरओ भुषण पुसदकर और कांग्रेस के पार्षद विलास इंगोले, सलीमबेग, यूसुफ बेग, प्रदीप हिवसे, शेख जफर शेख जब्बार, प्रशांत डवरे, अब्दुल वसीम, वंदना कंगाले, नीलिमा काले, सुनीता भेले, अस्मा खान, शोभा शिंदे, मंजूश्री महल्ले, हफीजा बी नूर खां, हफिजा बी यूसुफ शहा, अनिल माधोगढ़िया, प्रमोद महल्ले आदि उपस्थित थे.

पिता की मौत की खबर सुन घर जा रहे पुत्र की दुर्घटना में मौत

एक साथ निकली दोनों की अर्थियां

संवाददाता, 14 अगस्त

पुलगांव - शहर के हरिराम नगर निवासी हिम्मतराव महाजन (61) की सोमवार, 13 अगस्त को शाम 5 बजे मौत हो गई थी. उन्हें किडनी की बीमारी थी. हिम्मतराव महाजन का बड़ा पुत्र वैभव उनके साथ रहता था, जबकि छोटा पुत्र गौरव बुटीबोरी इलाके में रहता था. वह बुटीबोरी एमआईडीसी की एक कंपनी में कार्यरत था. पिता की मौत की खबर गौरव को दी गई. गौरव महाजन रात में ही बुटीबोरी से पुलगांव के लिए बाइक से निकला. बुटीबोरी चौक में एक चार पहिया वाहन ने गौरव की बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में गौरव की मौत हो गई. कुछ समय में ही यह समाचार मिलने पर महाजन परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा.

पोस्टमार्टम के बाद गौरव की लाश 14 अगस्त की शाम करीब 4 बजे पुलगांव पहुंची. इसके कुछ देर बाद पिता हिम्मतराव महाजन और पुत्र गौरव महाजन की अंतिम यात्रा एक साथ निकली. पिता और पुत्र की अर्थियां एक साथ निकलने पर लोग अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए. पूरा इलाका गम में डूब गया. महाजन परिवार लिंगायत वाणी समाज का होने से पिता-पुत्र को दफनाया गया. पूरे इलाके में शोक की लहर है.

दो सप्ताह में 12,266 मरीज इर्विन पहुंचे

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती - स्थानीय जिला सामान्य अस्पताल अर्थात इर्विन में रोजाना सैकड़ों गरीब मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं. इर्विन अस्पताल में अमरावती शहर सहित जिले भर से मरीज उपचार के लिए आते हैं. 30 जुलाई से 12 अगस्त इस दो सप्ताह में इर्विन अस्पताल में कुल 12,266 मरीजों ने अपना उपचार करवाया. विविध बीमारियों के चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों ने 884 मलेरिया संदिग्ध मरीजों की जांच की गई. इसके अलावा टाइफाइड के 716 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 191 मरीज पहले पॉजिटिव पाये गए. डायरियाग्रस्त 308 मरीजों ने इर्विन अस्पताल में उपचार कराया. टीबी के कुल 54 संदिग्ध मरीजों के स्फुटन टेस्ट करने पर 5 मरीज पॉजिटिव पाये गए. इसके अलावा कुत्ता काटने के 194 और सर्पदंश के 73 मरीजों ने उपचार कराया.

मरीजों का ब्यौरा

बीमारी	जांच
टाइफाईड	716
मलेरिया	884
डायरिया	308
कुत्ता काटना	194
सर्पदंश	73
टीबी	73

मलेरिया के 884 मरीज

भाजपा 118 स्थानों पर करेगी ध्वजवंदन

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती- भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार, 15 अगस्त को जिले में 118 स्थानों पर ध्वजवंदन करने का नियोजन किया गया है. साथ ही बाइक रैली, वृक्षारोपण, निबंध स्पर्धा व रंगोली स्पर्धा होगी.

भाजयुमो की बाइक रैली

ध्वजवंदन भाजपा के 19 मंडल अंतर्गत प्रत्येक पंस. स्तर पर होगा. स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सैनिक या उनके परिवार के सदस्यों के हाथों तिरंगा फहराया जाएगा. प्रत्येक मंडल स्तर पर भाजयुमो दो स्थानों से बाइक रैली निकालेगी. वृक्षारोपण, निबंध स्पर्धा, रंगोली स्पर्धा भी आयोजित की गई है. मंडल अध्यक्ष ने बैठक लेकर कार्यक्रमों का नियोजन किया है. सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का आवाहन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रा. दिनेश सूर्यवंशी, जिला महासचिव गजानन कोल्हे, रविराज देशमुख, जयंत आमले, हरिश्चंद्र पाटिल, खंडारकर व पदाधिकारियों ने किया है.

शहर में 75 स्थानों पर ध्वजारोहण

शहर में भाजपा के 7 मंडल हैं. हर मंडल द्वारा 11 स्थानों पर झंडावंदन का नियोजन मंडल अध्यक्ष ने किया है. भाजपा कार्यालय में सुबह 10.30 बजे ध्वजारोहण होगा. इस अवसर पर उपस्थित रहने का आवाहन शहर अध्यक्ष जयंत डेहणकर ने किया है.

दो मोटरसाइकिलों में टक्कर, 1 मृत

वरुड- शेंदुरजनाघाट थानांतर्गत रवाला के निकट दो दुपहिया वाहनों में हुई जबर्दस्त टक्कर में एक दुपहिया चालक की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार शेंदुरजनाघाट निवासी सागर सदाशिव शिरभाते और उसका मित्र शेख करीम शेख चांद (35) मोटरसाइकिल एमएच-27/बीवाई-7945 से मुलताई से शेंदुरजनाघाट आ रहे थे. इस दौरान वरुड़ से मुलताई की ओर जा रहे अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में शेख करीम शेख चांद की जमीन पर गिरने पर सिर में गंभीर चोट आने की वजह से घटनास्थल पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल चालक फरार हो गया.

मैत्रेय ठगी का मामला पहुंचा 2820 करोड़ पर

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती- शहर सहित देशभर में लोगों को करोड़ों का चूना लगने वाली मैत्रेय कंपनी का ठगी मामला 2820 करोड़ तक पहुंच गया है. मैत्रेय के खिलाफ राज्यभर में 46 हजार से अधिक निवेशकों को चूना लगाया है. मैत्रेय कंपनी की एमडी वर्षा सतपालकर आज भी फरार है. राज्य के 27 पुलिस थानों में वर्षा वॉन्टेड है. पुलिस को संदेह है कि वर्षा सतपालकर की हाईकोर्ट से जमानत याचिका रद्द होने के बाद वह विदेश जाकर छिप गई है.



27 थानों की पुलिस को वर्षा की तलाश

मैत्रेय कंपनी के खिलाफ शहर में 41338 लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है. अमरावती जिले में निवेशकों को 84 करोड़ से ठगा गया. अनेक शिकायतकर्ता अभी भी आगे नहीं आए हैं. मैत्रेय कंपनी में कुल 1.72 लाख लोगों ने अपने रुपये निवेश किये थे. लेकिन पुलिस के पास सिर्फ 30 प्रतिशत निवेशक पहुंचे. आर्थिक अपराध शाखा के वंजारी ने जनता से आवाहन किया है कि जो कोई भी ठगा गया हो वह अपनी बैंक पासबुक, आधार कार्ड और मैत्रेय कंपनी द्वारा दिया गया रजिस्ट्रेशन नंबर जमा कराये. गौरतलब है कि जिले में पुलिस ने मैत्रेय की 125 करोड़ रुपए की 85 संपत्ति जब्त की है. इस संपत्ति को नीलाम कर निवेशकों को उनकी रकम लौटाकर न्याय दिया जाएगा.

बारिश के अभाव में खरीफ फसलों पर संकट

संवाददाता, 14 अगस्त

वरुड- पिछले 20 दिनों से बारिश गायब होने से तापमान में बढ़ोतरी हुई है. इससे सभी फसलें मुरझाने लगी हैं और कपास पर बोंड इल्ली का हमला हो चुका है. आसमान में बादल तो लगते हैं, लेकिन बरसते नहीं हैं. मौसम में भारी परिवर्तन होने से खरीफ फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं.

लंबे समय से बारिश नहीं होने से फसलों की वृद्धि रुक गई है. इस वर्ष तहसील के किसानों ने सोयाबीन फसल पर अधिक भरोसा किया है. फिलहाल सोयाबीन में फूल लगने की शुरूआत हुई है. ऐसी स्थिति में बारिश की नितांत आवश्यकता है. बारिश नहीं होने से फूल झड़ रहे हैं. वहीं सोयाबीन फसल पीली पड़ने लगी है. उड़द और मूंग में फल्लियां लगने का समय है. कुछ स्थानों पर तांबेरा और अन्य कीटकों का प्रादुर्भाव दिखाई दे रहा है.

बोंड इल्ली का हमला

खर्च निकलने की भी गारंटी नहीं

राजुरा बाजार के किसान नीलेश दापुरकर ने बताया कि उन्होंने 4 एकड़ खेत में सोयाबीन की बुआई की है. इस पर उन्होंने अब तक 40 हजार खर्च किया है. लेकिन बारिश नहीं होने से लागत भी निकलेगी या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं रही.

शीघ्र बारिश हुई तो ही बचेंगी फसलें

सावंगी के सरपंच और प्रगतिशील किसान सुनील गावंडे ने कहा कि सोयाबीन, मूंग, उड़द फसलों को बारिश की जरूरत है. बारिश के रूठने से फसलों पर कीटकों का आक्रमण हो गया है. फलस्वरुप खर्च में वृद्धि हुई है. शीघ्र ही बारिश होती है तो फसलें बच सकती हैं, अन्यथा उत्पादन में भारी गिरावट आएगी.

गुलाबी बोंड इल्ली का आक्रमण

कपास पर गुलाबी बोंड इल्ली का इस वर्ष भी आक्रमण हो गया है. किसानों में बोंड इल्ली की दहशत कायम है ही ऊपर से मावा, तुड़तुड़े, सफेद मक्खी आदि कीटकों का प्रादुर्भाव बड़े पैमाने पर कपास पर दिखाई दे रहा है. इससे किसान परेशान हैं. कपास को कैसे बचाएं इसी चिंता में किसान पड़े हुए हैं. बारिश होने पर मावा तुड़तुड़ा रोग अपने आप समाप्त हो सकते हैं.

फोटो - जय स्टूडियो, अमरावती.

अमरावती : संविधान जलानेवाले देशद्रोही के प्रतीकात्मक पुतले को मंगलवार की दोपहर राजकमल चौराहे पर रिपाई कार्यकर्ताओं द्वारा सरेआम फांसी के फंदे पर लटकाया. तथा पुतले को उठाकर ले जाते हुए यातायात वाहतुक कर्मी.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की मांग | संविधान जलाने वालों पर देशद्रोह का मामला दर्ज करें

संवाददाता, 14 अगस्त

दर्यापुर - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 9 अगस्त को दिल्ली में जंतर-मंतर पर संविधान की प्रति जलाने और इसके शिल्पकार डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के खिलाफ नारेबाजी करने वालों पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है.

राकांपा नेता अरुण गावंडे के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए. यहां डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का पूजन तथा माल्यार्पण जिले के वरिष्ठ नेता विजय हावरे, तहसील प्रमुख अनिल जलमकर और बाबूभाई ने किया. पार्टी के नेताओं ने दिल्ली की घटना का कड़ा निषेध किया. इसके बाद सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता दर्यापुर पुलिस थाने पहुंचे. यहां दिल्ली में संविधान जलाने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की गई. अरुण गावंडे, ओबीसी सेल के जिला प्रमुख विजय हावरे, तहसील अध्यक्ष अनिल जलमकर, बाबूभाई, किशोर हरणे आदि ने पीएसआई आडे मैडम को ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर शेख रफीक शेख बुरान, अजीज खां, रफीक हुसैन, अमजद हुसैन, अरबाज खान, सफीमा खां, अजीज खां, शेख शकीर शेख राजीक, प्रदीप नागे, आशा सरकटे, ताजखातून, अजीज उल्ला आदि उपस्थित थे.

राजापेठ पुलिस की कामयाबी

धोखे से फ्रिज चुराने वाला गिरफ्तार

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती- एलजी शोरुम के मैनेजर को झांसा देकर धोखे से फ्रिज चुराने वाले आरोपी को राजापेठ पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है. आरोपी का नाम मो. वसीम मो. असलम (21, नूर नगर) है.

7 अगस्त 2018 को एलजी शोरुम में आरोपी दोपहर 2 बजे फ्रिज खरीदने आया था. फ्रिज पसंद करने पर कुछ रकम मैनेजर संतोष केशव मुन्शी (कृष्णार्पण कॉलोनी) को सौंपी और शेष रकम घर पर फ्रिज की डिलीवरी देने पर देने का वादा किया. आरोपी ने ऑटो में फ्रिज लादा और अपने बाइक के पीछे चलने को कहा. वलगांव मार्ग पर फ्रिज उतारकर ऑटो चालक को अपने पीछे आने को कहा. थोड़ी देर ऑटो चालक को घुमाने के बाद आरोपी फरार हो गया. ऑटो चालक ने जहां फ्रिज उतारा था वहां पहुंचा तो फ्रिज गायब थी. पुलिस ने मैनेजर मुन्शी की शिकायत पर अपराध दर्ज किया. पीआई किशोर सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में पीएसआई गोकुल ठाकुर व उनकी टीम ने शोरुम के फुटेज जांच कर आरोपी को सोमवार की रात गिरफ्तार किया. आरोपी द्वारा इसी तरह और ठगी को अंजाम देने का संदेह रहने से उससे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है.

टैक्स वसूली में महापालिका फिसड्डी

42 करोड़ में से केवल 4 करोड़ वसूले | हर साल औसत 70 प्रतिशत टार्गेट होता पूर्ण

प्रतिनिधि, 14 अगस्त

अमरावती- आय के स्त्रोत कमजोर होने पर किसी भी संस्था का कामकाज डगमगा जाता है. प्रशासन स्तर पर अनदेखी और समय के अनुरुप क्रियान्वयन का अभाव सरकारी महकमे के ढांचे को जर्जर बना देता है. फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर अमरावती महापालिका इसी दौर से गुजर रही है. आय और खर्च में असंतुलन के बावजूद महापालिका प्रशासन संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली के मोर्चे पर बेहद फिसड्डी नजर आ रहा है.

महापालिका प्रशासन को आर्थिक वर्ष 2018-19 में करीब 42 करोड़ रुपये संपत्ति कर के रुप में वसूलने हैं, लेकिन पिछले वर्ष के पांच महीनों बाद भी महापालिका केवल 4 करोड़ रुपये वसूल पायी है. विशेष बात यह कि इस बकाया रकम में करीब 11 करोड़ रुपये 2017-18 के बताये जाते हैं.

संपत्ति कर वसूली के मामले में महापालिका का कामकाज पहले से ही कमजोर रहा है. एलबीटी खत्म हो जाने के बाद संपत्ति कर ही मनपा की आय का मुख्य जरिया है. हर साल औसतन 70 प्रतिशत टार्गेट पूर्ण किया जाता है. महापालिका के 5 जोन में टैक्स वसूली की जाती है.

मनपा उपायुक्त महेश देशमुख ने बताया कि 9 अगस्त तक 4 करोड़ रुपये संपत्ति कर 5 जोन के माध्यम से वसूला गया. उन्होंने बताया कि पिछले दो सालों से 70 प्रतिशत से अधिक कर वसूला जा रहा है. 2016-17 में मनपा को 41 करोड़ 59 लाख 12 हजार 387 रुपये वसूलने थे. मनपा ने करीब 73 प्रतिशत अर्थात 30 करोड़ 34 लाख 70 हजार 917 रुपये वसूले थे. 11 करोड़ 24 लाख 41 हजार 470 रुपये बकाया हैं. 2017-18 में मनपा को 47 करोड़ 22 लाख 34 हजार 698 रुपये वसूलने थे. 77 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करते हुए 36 करोड़ 47 लाख 74 हजार 559 रुपये वसूली की गई. बकाया राशि 10 करोड़ 74 लाख 60 हजार 139 रुपये है. 2018-19 में निर्धारित लक्ष्य के 80 प्रतिशत संपत्ति कर वसूला जायेगा. शुरुआत में ही करीब 4 करोड़ रुपये वसूले गए हैं.

संपत्ति कर वसूली का ब्यौरा (2017-18)

प्रभाग	कुल डिमांड	रोजाना वसूली	कुल वसूली (1 अप्रैल 17 से 31 मार्च 18)	बकाया वसूली	प्रतिशत
उत्तर जोन	11,19,27,651	78,508	10,38,16,110	81,11,541	92.75
मध्य जोन	14,83,27,210	87,32,096	10,61,57,312	4,21,69,898	71.57
पूर्व जोन	5,48,54,723	26,42,486	3,95,42,245	1,53,12,478	72.09
दक्षिण जोन	11,83,61,480	1,04,30,217	9,28,02,287	2,55,59,193	78.41
पश्चिम जोन	3,87,63,634	12,49,444	2,24,56,605	1,63,07,029	57.93
कुल	47,22,34,698	3,09,05,046	36,47,74,559	10,74,60,139	77.24

संपत्ति कर वसूली का ब्यौरा (2016-17)

प्रभाग	कुल डिमांड	रोजाना वसूली	कुल वसूली (1 अप्रैल 16 से 31 मार्च 17)	बकाया वसूली	प्रतिशत
उत्तर जोन	9,73,07,658	10,44,322	8,28,27,787	1,44,79,871	85.11
मध्य जोन	12,84,35,000	78,71,283	8,28,35,341	4,56,99,659	64.49
पूर्व जोन	3,55,10,738	47,69,904	2,71,09,788	84,00,950	76.34
दक्षिण जोन	11,89,96,856	72,54,578	9,11,04,125	2,78,92,731	76.56
पश्चिम जोन	3,56,62,135	16,31,415	1,95,93,876	1,60,68,259	54.94
कुल	41,59,12,387r	3,05,79,502	30,34,70,917	11,23,41,470	72.96